# मुझे मुरली वाला पसंद आ गया

सारे देवों में कृष्णा गजब ढा गया,
मुझे मुरली वाला पसंद आ गया....

मैं देखूं उसे वह ना देखे मुझे,
मैं मिलना भी चाहूं मिले ना मुझे,
वह भक्ति का रोग लगा कर गया,
मुझे मेरा कान्हा पसंद आ गया.....

ज़ख्म इतने दीए मैं दिखा ना सकूं,
दर्द कितने दिए मैं बता ना सकूं,
वह तो चुपके से आकर दबा दे गया,
मुझे मुरली वाला पसंद आ गया.....

मैंने दिल से बुलाया वह आया नहीं,
मैंने ध्यान लगाया वह आया तभी,
वह तो दर्शन दिखा कर चला जो गया,
मुझे मुरली वाला पसंद आ गया.....

तेरे दर्शन की मैं तो तलब दार हूं,
तेरी पायल की मैं तो एक झंकार हूं,
तेरा सब राग मुझको समझ आ गया,
मुझे मुरली वाला पसंद आ गया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28493/title/mujhe-murli-wala-pasand-aa-gya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |